0-563

	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित
	2	3

अभिलेख उपस्थापित।

(1.) ममता देवी उर्फ प्रिया कुमारी पति नरेश राम उर्फ नरेश कुमार, निवास स्थान ग्राम–महेशरा, पोस्ट–महेशरा, थाना–दारू, जिला–हजारीबाग (2.) अन्नु देवी पति प्रमेश्वर दास, निवास स्थान ग्राम–ओरिया, पोस्ट–ओरिया, थाना–मुफस्सिल, जिला–हजारीबाग द्वारा छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा–46 के अन्तर्गत अंचल–सदर हजारीबाग, मौजा–रोला, थाना संख्या–176, खाता संख्या–62, प्लॉट संख्या–512, रकवा 0.04 एकड़ (04 डिसमिल) (चार डिसमिल) भूमि पूजा कुमारी पति विनय कुमार, निवास स्थान ग्राम–असिया, पोस्ट–ईचाक, थाना–ईचाक, जिला–हजारीबाग के साथ भूमि बिक्री करने हेतु आवेदक एवं प्रस्तावित क्रेता का जाति, आवासीय प्रमाण–पत्र एवं भूमि संबंधी कागजात की छायाप्रति संलग्न करते हुए आवेदन समर्पित किया गया है। प्राप्त आवेदन के आलोक में परमिशन वाद संख्या-823/2022 प्रारम्भ कर कार्यालय पत्रांक 6321/रा० दिनांक 12.12.2022 द्वारा अंचल अधिकारी, सदर को आम इस्तेहार का तामिला प्रतिवेदन एवं जाँच प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग के पत्रांक 819 दिनांक 28.04.2023 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन, आम इस्तेहार का तामिला प्रतिवेदन एवं चेक स्लीप उपलब्ध कराया गया है। आम इस्तेहार में किसी भी व्यक्ति द्वारा आपत्ति दर्ज नहीं किया गया है। अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग द्वारा जाँच प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया गया है कि –

क्रेता एवं विक्रेता अनुसूचित जाति के अन्तर्गत है एवं हजारीबाग जिला के निवासी हैं। आवेदित भूमि केवाला से हासिल है। खतियान के अनुसार प्रश्नगत् भूमि रैयती खाते की भूमि है। खतियानी रैयत तलुआ भुइंया हैं। खतियान के अनुसार धारित कुल रकवा 0.90 एकड़ भूमि है। पंजी–II अनुसार जमाबंदी रैयत द्वारा धारित कुल रकवा 0.19 एकड़ भूमि है। मौजा–रोला ऑनलाईन पंजी–II के पृष्ठ संख्या–119/3 पर खाता संख्या–62 प्लॉट संख्या–512 कुल रकवा 0.19 एकड़ ममता देवी पति नरेश कुमार, अन्नु देवी पति प्रमेश्वर दास वगैरह के नाम से जमाबंदी दर्ज है। आवेदकगण केवालाधारी हैं। आवेदिका द्वारा धारित कुल रकवा 0.0950 एकड़ भूमि है। बिक्री की अनुमति मिलने के पश्चात् आवेदक के पास रकवा 0.0550 एकड़ भूमि बचती है। आवेदक को भूमि बिक्री करने का अधिकार है। प्रस्तावित भूमि भूदान/भू–अधिग्रहण क्षेत्र/प्रतिबंधित सूची/वन भूमि/सरकारी भूमि के

अनुसूची-14 फारम सं0-563

आदेश की क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी
1	2	

अन्तर्गत नहीं है। साथ ही BLR Act Section 4h से मुक्त है। प्रश्नगत् भूमि आवेदक के दखल कब्जा में है।

प्रश्नगत् भूमि का ट्रेस नक्शा प्राप्त है, जिसमें आवेदित भूमि को लाल रंग से दर्शाया गया है एवं नक्शा में प्रस्तावित भूमि का चौहद्दी भी अंकित किया गया है। साथ ही वर्ष 2021-22 में निर्गत् लगान रसीद की प्रति भी प्राप्त है।

ममता देवी उर्फ प्रिया कुमारी द्वारा नॉटरी पब्लिक, हजारीबाग के सक्षम निष्पादित शपथ-पत्र संख्या 22227 दिनांक 04.08.2023 दाखिल किया गया है कि जिसमें उल्लेख किया गया है कि ममता देवी एवं प्रिया कुमारी दोनों एक ही व्यक्ति हैं।

अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग द्वारा विक्रेता को छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के तहत् प्रश्नगत् भूमि की बिक्री करने की अनुमति हेतु अनुशंसा की गयी है।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग के अनुशंसा एवं दाखिल शपथ-पत्र संख्या 22227 दिनांक 04.08.2023 के आलोक में (1.) ममता देवी उर्फ प्रिया कुमारी पति नरेश राम उर्फ नरेश कुमार, निवास स्थान ग्राम-महेशरा, पोस्ट-महेशरा, थाना-दारू, जिला-हजारीबाग (2.) अन्नु देवी पति प्रमेश्वर दास, निवास स्थान ग्राम-ओरिया, पोस्ट-ओरिया, थाना-मुफस्सिल, जिला-हजारीबाग द्वारा छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के अन्तर्गत अंचल-सदर हजारीबाग, मौजा-रोला, थाना संख्या-176, खाता संख्या-62, प्लॉट संख्या-512, रकवा 0.04 एकड़ (04 डिसमिल) (चार डिसमिल) भूमि पूजा कुमारी पति विनय कुमार, निवास स्थान ग्राम-असिया, पोस्ट-ईचाक, थाना-ईचाक, जिला-हजारीबाग के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति प्रदान की जाती है। साथ ही अभिलेख की कार्रवाई समाप्त की जाती है।

लेखापित एवं संशोधित

अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग।

अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग।

Digitally signed by RAKESH RAUSHAN
Date: 2023.08.07 12:41:13 +05:30
Location: 192.168.0.107